an>

Title: Regarding various railway related issues in Jhunjhunu Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): महोदया, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। मेरा संसदीय क्षेत्र अनेक विशेषताएं रखता है। माननीय प्रधान मंत्री के स्वच्छ भारत में भी मेरा जिला दूसरे नम्बर पर आया है, ओडीएफ घोषित हो चुका है। भारत की सेना में सबसे अधिक सैनिक मेरे हैं। बड़े-बड़े उद्योगपति मेरे यहाँ से हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से गुजारिश करूँगी कि कम से कम दिल्ली से सीकर तक डेली ट्रेन मेरे यहाँ चलनी चाहिए, जो सप्ताह में सिर्फ दो दिन जाती है। रेवाड़ी से सीकर का टाइम-टेबल ऐसा है कि वह हमारे किसी काम का नहीं है। रात में कोई व्यक्ति दिल्ली आकर कहाँ ठहरेगा, कैसे काम करेगा, वापस जाएगा, पूरा दिन में वह ट्रैवल करेगा। एक तो टाइमटेबल में सुधार होना चाहिए और डेली ट्रेन चले। सीकर से जयपुर तक आवाम परिवर्तन की जो गति है, वह बहुत धीमी है, वह पूरी हो जाए। मैं आपसे निवेदन करूँगी कि साप्ताहिक दिल्ली-सीकर ट्रेन को प्रतिदिन चलाकर आम जनता को राहत दी जाए। सीकर-चूरू रेलवे लाइन पर दो गाँव ऐसे हैं जहाँ बहुत गंभीर समस्या है। 50 प्रतिशत लोगों के घर रेल लाइन के एक तरफ हैं और खेत दूसरी तरफ हैं। व्यक्ति तो पटरी पार कर सकता है लेकिन सामान खेतों से लाने के लिए न ट्रैक्टर की ट्राली जा सकती है, न कोई गाड़ा जा सकता है। उन पर दो अंडरपास बन जाएँ तो अच्छा रहेगा। टैक्निकल तो पता नहीं क्या होगा लेकिन किसान बुरी तरह से इससे ग्रसित हैं। मैं आपसे निवेदन करूँगी कि आप इसमें फेवर करें। रतनशहर और पाबूधाम बग्गड़ चंद्राश्रम है जहाँ हरियाणा और यूपी से हज़ारों की तादाद में लोग जाते हैं। पहले रेलगाड़ी वहाँ रुकती थी, लेकिन इस बार वहाँ ठहराव बंद कर दिया है। इससे बहुत गंभीर समस्या हो गई है और लोगों को बहुत किलोमीटर पैदल चलकर जाना पड़ता है। आप मेरी मदद करें। आपको राजस्व की प्रतिदिन की हानि हो रही है। अगर हमारे छोटे छोटे सुझावों को मान लिया जाए तो राजस्व में बढ़ोतरी होगी और आम जनता को भी राहत होगी।

माननीय अध्यक्ष : श्री चन्द्र प्रकाश जोशी एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती संतोष अहलावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।